# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ईमेल: crpd@sbi.co.in

# सर्किल स्थित अधिकारियों की भर्ती

## विज्ञापन संख्या: CRPD/ CBO/ 2021-22/ 19

1. **आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का ऑनलाइन भुगतान: दिनांक 09.12.2021 से 29.12.2021 तक**
2. **ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड: 12 जनवरी 2022 से (संभावित)**
3. **ऑनलाइन परीक्षा: जनवरी 2022 (संभावित)**

भारतीय स्टेट बैंक में अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. **चयनित उम्मीदवारों को केवल आवेदित मंडल/राज्य में नियुक्त किया जाएगा.**

1. आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को संबंधित पद हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं.
2. पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी मानी जाएगी, जब आवेदन शुल्क को जमा करने की अंतिम तिथि या उससे पूर्व बैंक में ऑनलाइन जमा कर दिया गया हो.
3. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अन्य विवरण एवं अद्यतन सूचना हेतु बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** को नियमित रूप से देखें. विज्ञापन में होने वाले किसी परिवर्तन/अद्यतन सूचना को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा. सभी परिवर्तन/अपडेट/शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** पर होस्ट किए जाएंगे.

भारतीय स्टेट बैंक में एक अधिकारी के रूप में शामिल होने के इच्छुक योग्य उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, निर्धारित आवेदन शुल्क के भुगतान, कॉल लेटर जारी करने, परीक्षा/साक्षात्कार आदि की प्रक्रिया और पैटर्न आदि के बारे में विज्ञापन को ध्यान से पढ़ने के बाद ऑनलाइन पंजीकरण करना और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वे निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हैं.

**योग्य उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है. जो (i) ऑनलाइन लिखित परीक्षा (ii) स्क्रीनिंग (iii) साक्षात्कार जैसे चरणों में आयोजित की जाएगी.**

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अपडेट के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers देखें.**

रिक्तियों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

**नियमित रिक्तियां:**

| मंडल | राज्य | भाषा | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | एल.डी. | वी.आई. | एच.आई. | डी और ई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | गुजरात | गुजराती | 37 | 24 | 87 | 30 | 122 | **300** | 3 | 3 | 3 | 3 |
| बेंगलूरु | कर्नाटक | कन्नड़ | 37 | 19 | 69 | 25 | 100 | **250** | 3 | 3 | 2 | 2 |
| भोपाल | मध्य प्रदेश | हिन्दी | 24 | 11 | 40 | 15 | 60 | **150** | 2 | 2 | 1 | 1 |
| | छत्तीसगढ़ | | 8 | 4 | 4 | 5 | 29 | **50** | 1 | 1 | - | - |
| चेन्नई | तमिलनाडु | तमिल | 33 | 44 | 48 | 25 | 100 | **250** | 3 | 3 | 2 | 2 |
| जयपुर | राजस्थान | हिन्दी | 19 | 5 | 24 | 10 | 42 | **100** | 1 | 1 | 1 | 1 |
| **कुल** | | | **158** | **107** | **272** | **110** | **453** | **1100** | **13** | **13** | **9** | **9** |

**बैकलॉग रिक्तियां:**

| मंडल | राज्य | भाषा | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | सामान्य | कुल | एल.डी. | वी.आई. | एच.आई. | डी और ई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | गुजरात | गुजराती | - | 16 | 38 | - | - | **54** | 2 | - | 3 | 2 |
| बेंगलूरु | कर्नाटक | कन्नड़ | - | 7 | 21 | - | - | **28** | 2 | 1 | 2 | 2 |
| भोपाल | मध्य प्रदेश | हिन्दी | 8 | 2 | 2 | - | - | **12** | 1 | 1 | 1 | 2 |
| | छत्तीसगढ़ | | 1 | 1 | - | - | - | **2** | - | - | 1 | 1 |
| चेन्नई | तमिलनाडु | तमिल | - | 26 | - | - | - | **26** | 3 | 3 | 4 | 3 |
| जयपुर | राजस्थान | हिन्दी | 4 | - | - | - | - | **4** | 1 | 1 | 2 | 2 |
| **कुल** | | | **13** | **52** | **61** | **-** | **-** | **126** | **9** | **6** | **13** | **12** |

**संक्षिप्ताक्षर:** **अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस** – अर्थिक रूप से कमजोर; **सामान्य** – सामान्य श्रेणी; **एलडी** – लोकोमोटिव अशक्तता; **एचआई** – श्रवण बाधित, **वीआई** – दृष्टि बाधित, **डी एंड ई** – पद के लिए उपयुक्त दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 **(i)** के खंड डी एंड ई के तहत पीडब्ल्यूडी श्रेणियां हैं: विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी), मानसिक रुग्णता (एमआई), ऑटिज्म स्पेक्ट्रम दिव्यांगता (अत्यल्प) – एएसडी (एम) और एलडी, वीआई, एचआई, एसएलडी, एमआई और एएसडी (एम) में बहु–विकलांगता.

- उपर्युक्त रिक्तियां अनंतिम हैं और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती हैं
- **उम्मीदवार को केवल एक राज्य की रिक्ति के लिए आवेदन करना होगा. एक राज्य की रिक्ति के समक्ष आवेदन करने वाला उम्मीदवार किसी अन्य राज्य की रिक्ति के समक्ष आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होगा.**
- आवेदक की उम्मीदवारी को केवल उस राज्य में रिक्तियों के समक्ष विचार किया जाएगा, जिसके लिए उसने आवेदन किया है/जिसका विकल्प चुना है. मेरिट सूची राज्यवार, श्रेणीवार तैयार की जाएगी.
- **चयनित उम्मीदवारों को उस राज्य के मंडल/राज्य में तैनात किया जाएगा, जिनकी रिक्ति के समक्ष उनका चयन किया गया है.**
- **चयनित उम्मीदवार अंतर मंडल स्थानांतरण/कॉर्पोरेट सेंटर पोस्टिंग/कॉर्पोरेट सेंटर प्रतिष्ठान पोस्टिंग/विदेशी पोस्टिंग के लिए एसएमजीएस–IV ग्रेड में अपनी पदोन्नति या 12 वर्ष की सेवा, जो भी बाद में हो, तक पात्र नहीं होंगे.**
- **किसी विशेष राज्य की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उस राज्य की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा (प्रत्येक राज्य के सामने उल्लिखित) में दक्ष (पढ़ना, लिखना और समझना) होना चाहिए. आवेदित राज्य की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित किया जाएगा. यह बैंक में शामिल होने से पहले अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों (ऑनलाइन लिखित परीक्षा, स्क्रीनिंग और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर) के लिए आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहता है, उसे नियुक्ति का ऑफर नहीं दिया जाएगा. आवेदित राज्य की निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का एक विषय के रूप में अध्ययन करने के साक्ष्य स्वरूप 10वीं या 12वीं कक्षा की मार्कशीट/प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को भाषा परीक्षा से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी.**
- **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की सहायक कंपनियों के साथ काम करने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.**
- **एसबीआई में लिपिक/पर्यवेक्षी संवर्ग में कार्यरत उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.**
- **एसबीआई में अधिकारी ग्रेड से त्यागपत्र देने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.**

**महत्वपूर्ण टिप्पणी:**

i. बेंचमार्क विकलांग (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तर है और भारत सरकार के विभिन्न दिशानिर्देशों द्वारा निर्देशित होगा.

ii. ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्त–पद ''गैर–क्रीमी लेयर'' के ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार जो ''क्रीमी लेयर'' में आते हैं, ओबीसी श्रेणी के लिए उपलब्ध किसी छूट/आरक्षण के हकदार नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी सामान्य अथवा सामान्य (एल.डी./वी.आई./एच.आई/डी और ई), जो भी लागू हो, दर्शानी होगी.

iii. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ओबीसी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें ''गैर–क्रीमी लेयर'' खंड इंगित हो और जो **01.04.2021** से साक्षात्कार की तिथि के बीच जारी किया हुआ हो, यदि उसे साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है.

iv. भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक मंत्रालय, लोक शिकायत एवं पेंशन, भारत सरकार के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019–ईएसटीटी (आरईएस) द्वारा शासित होता है.

अस्वीकरण: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की रिक्तियां अंतरिम हैं तथा भारत सरकार के आगे के निदेशों और किसी भी कानून के परिणाम के अधीन हैं. नियुक्ति अनंतिम है और उचित चैनलों के माध्यम से सत्यापित किए जाने वाले आय एवं आस्ति प्रमाणपत्र के अधीन है.

v. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को **साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को मौजूदा डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020–21 के सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी 'आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र'** को सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना आवश्यक है. इसलिए वित्तीय वर्ष 2020–21 के सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी किया गया 'आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र' साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को या उससे पहले उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किया जाना चाहिए. उक्त तारीख से परे 'आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण के लिए समय के विस्तार के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख को 'आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो सर्किल स्थित अधिकारी के पद के लिए बैंक में नियुक्ति के लिए उस पर विचार नहीं किया जाएगा.

vi. उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत, नैतिक आचरण आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह भी इस पद के लिए आवेदन करने के लिए **पात्र नहीं** हैं.

vii. ऋण/क्रेडिट कार्ड की देनदारी में चूक के रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार और/या जिसके खिलाफ सिबिल या अन्य एजेंसियों की प्रतिकूल रिपोर्ट है, उन्हें चयन होने की दशा में भी नियुक्त नहीं किया जाएगा. बैंक की सेवा में आने से पूर्व इस संबंध में स्थिति की जांच की जाएगी.

### 1. पात्रता मानदण्ड:

**(क)** अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता:

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी वर्ग में स्नातक या केन्द्र सरकार से मान्यताप्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता.

**टिप्पणी:**

पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्र या अंक–तालिका पर दी हुई तिथि होगी. यदि किसी परीक्षा विशेष के परिणाम विश्वविद्यालय/संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, तो विश्वविद्यालय/संस्थान के उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र, जिसमें परिणाम को वेबसाइट पर उपलब्ध कराने की तिथि का उल्लेख होगा, के आधार पर उत्तीर्ण तिथि स्वीकार की जाएगी.

**(ख) आयु सीमा: (01.12.2021 को)**

दिनांक **01.12.2021** को उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अर्थात उम्मीदवार का जन्म दिनांक **02.12.1991** से पहले और **01.12.2000** के पश्चात नहीं होना चाहिए (दोनों दिन समाविष्ट).

**ऊपरी आयु सीमा में छूट:**

| क्र. | श्रेणी | | आयु में छूट |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | | 3 वर्ष |
| 3. | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | – पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) | 15 वर्ष |
| | | – पीडब्ल्यूडी (अपिव) | 13 वर्ष |
| | | – पीडब्ल्यूडी (सामान्य/ईडब्ल्यूएस) | 10 वर्ष |
| 4. | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से 6 महिने में पूरा होने वाला हैं) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | | 5 वर्ष |

टिप्पणी: आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.

**आयु में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार/कार्यग्रहण करने के समय, यदि वे इस योग्य पाये जाते हैं, आवश्यक प्रमाणपत्रों की प्रतियां प्रस्तुत करना आवश्यक है. ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद किसी भी उम्मीदवार की श्रेणी में किसी बदलाव की अनुमति नहीं है. इस संबंध में किसी भी पत्राचार/ईमेल/फोन पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**(ग) 01.12.2021 को अनुभव (आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के बाद):**

भारतीय रिज़र्व बैंक की दूसरी अनुसूची में सूचीबद्ध किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या किसी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में एक अधिकारी के रूप में 01.12.2021 को न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव (अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अनुभव).

**उम्मीदवारों को उनके मौजूदा/पिछले नियोक्ता (ओं) द्वारा प्रमाणित जॉब प्रोफाइल प्रस्तुत करना होगा, जिसके साथ वे कार्यरत थे/हैं. यदि उनका जॉब प्रोफाइल पर्याप्त रूप से मेल नहीं खाता है या भारतीय स्टेट बैंक के स्केल–I सामान्य अधिकारी के जॉब प्रोफाइल से अलग है तो ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अस्वीकार कर दिया जाएगा. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**(घ) स्थानीय भाषा:**

किसी विशेष राज्य की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उस राज्य की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा (प्रत्येक राज्य के सामने उल्लिखित) में दक्ष (पढ़ना, लिखना और समझना) होना चाहिए. आवेदित राज्य की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित किया जाएगा. यह बैंक में शामिल होने से पहले अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों (ऑनलाइन लिखित परीक्षा, स्क्रीनिंग और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर) के लिए आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहता है, उसे नियुक्ति का ऑफर नहीं दिया जाएगा. आवेदित राज्य की निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का एक विषय के रूप में अध्ययन करने के साक्ष्य स्वरूप 10वीं या 12वीं कक्षा की मार्कशीट/ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को भाषा परीक्षा से गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी.

**(ङ) अन्य:**

i. ऋण/क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि के भुगतान में चूक का रेकार्ड रखने वाले उम्मीदवार तथा/अथवा जिनके नाम सिबिल या अन्य बाह्य एजेन्सियों की प्रतिकूल रिपोर्ट में उपलब्ध हैं, वे इस पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं है. कार्यभार ग्रहण करने से पहले इस संबंध में स्थिति का सत्यापन किया जाएगा.

ii. जिन उम्मीदवारों के चरित्र एवं पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडेंटस) नैतिक आचरण के विपरीत रिपोर्ट हैं, वे इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

**2. शारीरिक रूप से अशक्त (पीडब्ल्यूडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षणः**

अशक्त व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित अशक्तता रखने वाले व्यक्तियों को 4 प्रतिशत का समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. इस अधिनियम के अंतर्गत यह पद निम्नालिखित श्रेणी की अशक्तता के लिए आरक्षित होगाः

**क. चलने की अशक्तता (एलडी)**: ऐसा व्यक्ति जो मस्तिष्क अथवा नर्वस विकार अथवा दोनों के कारण स्वयं और वस्तु की गति से जुड़े कार्यकलाप कर पाने में अक्षम हो. इसमें निम्नलिखित भी समिलित हैं. चलने-फिरने की अशक्तता के अंतर्गत सेरेब्रल पाल्सी, ठीक हो चुका कुष्ठ, बौनापन, मांसपेशीय दुर्विकार तथा एसिड अटैक के पीड़ित आते हैं. निम्नालिखित आस्थ विकलांग व्यक्ति भी चलने की अशक्तता के अंतर्गत माने जाते हैं:

- ओए – एक हाथ प्रभावित (दाहिना या बायां)
- ओएल – एक पैर प्रभावित (दाहिना या बायां)
- ओएएल – एक हाथ और एक पैर प्रभावित
- बीएल – दोनों पैर प्रभावित किंतु हाथ प्रभावित नहीं

ओए और ओएल श्रेणी के व्यक्तियों के दूसरे अंग सामान्य रूप से कार्य करते हैं.

क. **'जिनके कुष्ठ ठीक हो चुके हों'** से आशय उस व्यक्ति से है, जिसका कुष्ठ ठीक हो गया है, परंतु वह निम्नलिखित प्रभाव से जूझ रहा हैः

i. हाथों या पैरों में संवेदना की कमी के साथ-साथ आंखों और पलकों में संवेदना की कमी व पक्षाघात होना, परंतु कोई स्पष्ट विकृति न होना.

ii. स्पष्ट विकृति और पक्षाघात होने पर भी जिसके हाथ और पैर सामान्य आर्थिक कार्यकलाप करने में सक्षम हों.

iii. चरम शारीरिक विकृति के साथ-साथ उसका कम उम्र का होना, जो उसे कोई लाभप्रद व्यवसाय करने से रोकता हो, वहाँ, 'कुष्ठ ठीक हो गया है' भाव को उसी अनुसार समझा जाएगा.

ख. **'सेरेब्रल पाल्सी'** का आशय उस गैर-विकसनशील न्यूरोजीकल स्थिति से है जो शरीर और मांसपेशियों के समन्वय को प्रभावित करती है. इससे मस्तिष्क का कोई एक या अधिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाता है. यह प्रायः जन्म से पूर्व, जन्म के दौरान या जन्म के तुरंत बाद होता है.

ग. **'बौनेपन'** से आशय ऐसी चिकित्सकीय या जेनेटिक स्थिति से है, जिससे किसी व्यक्ति की लम्बाई 4 फुट 10 इंच (147 सेंटीमीटर) या उससे कम रह जाती है.

घ. **'मांसपेशीय दुर्विकार'** से आशय ऐसे अनुवांशिक जेनेटिक मांसपेशीय रोग समूह से है जो उन मांसपेशियों को कमजोर करता है, जिनसे मानव शरीर गतिशील होता है. बहु मांसपेशीय दुर्विकार से पीड़ित व्यक्ति को अपने जीन के बारे में गलत और अधूरी जानकारी होती है, जिससे उनकी स्वस्थ मांसपेशियों के लिए आवश्यक प्रोटीन बननी बाधित हो जाती है. इसे विकसनशील स्केलेटल मांसपेशीय कमजोरी के रूप में माना जाता है, यह मांसपेशीय प्रोटीन को कुप्रभावित करती है, इससे मांसपेशीय सेल और टिश्युज मृत हो जाते हैं.

ङ. **'एसिड अटैक पीड़ित'** से आशय ऐसे व्यक्ति से है, जो एसिड या इसी तरह के क्षयकारी तत्व फेंकने से कुरूप हो गया हो.

**ख.** दृष्टि बाधित (वीआई): केवल वे ही दृष्टिहीन विकलांग (वीआई) व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र है, जो बेहतर स्थिति में आने से पहले निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त रहे हैं:

**अ. दृष्टिहीनता :**

i. पूर्णतः दृष्टिहीन होना या

ii. वास्तव में दृष्टि सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आंखों में 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से अधिक न हो अथवा

iii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 10 डिग्री के कोण बनाती हो या उससे भी कम. अथवा

**ब. कम दृष्टि :**

i. वास्तविक दृष्टि सुधार के बाद दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक न हो या 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से कम न हो

ii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 40 से 10 डिग्री के कम के कोण बनाती हो.

**ग. श्रवण बाधित (एच.आई.):**

**क. बधिरः** वे व्यक्ति जिनके दोनों कानों की श्रवण क्षमता 70 डीबी से कम रह गई हो.

**ख. ऊँचा सुनना:** वे व्यक्ति जिनके दोनों कानों की श्रवण क्षमता की हानि 60 डीबी से 70 डीबी हो गई हो.

**घ. 'डी एवं ई':** केवल वे व्यक्ति, जो निम्नलिखित में से किसी एक प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त हैं, वे इस श्रेणी के तहत आवेदन करने के लिए पात्र हैं:

**क. ''विशिष्ट अधिगम अक्षमता'' (एसएलडी)** से स्थितियों का एक ऐसा विजातीय समूह अभिप्रेत है जिसमें भाषा को बोलने या लिखने की प्रक्रिया द्वारा आलेखन करने में कमी विद्यमान होती है जो समझने, बोलने, लिखने, अर्थ निकालने या गणितीय गणना करने में कमी के रूप में सामने आती है और इसके अंतर्गत बोधक दिव्यांगता डाइसेक्सिया, डायसग्राफिया, डायसकैलकुलिया तथा विकासात्मक अफेसिया जैसी स्थितियां भी हैं.

**ख. ''मानसिक रुग्णता'' (एमआई)** से चिंतन, मनोदशा, बोध, अभिसंस्करण या स्मरणशक्ति का अत्यधिक विकार अभिप्रेत है जो जीवन की साधारण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समग्र रूप से निर्णय, व्यवहार, वास्तविकता को पहचानने की क्षमता या योग्यता को प्रभावित करता है किंतु जिसके अंतर्गत मानसिक मंदता नहीं है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास रुकने या अपूर्ण होने की स्थिति है विशेषकर जिसकी विशिष्टता बुद्धिमता का सामान्य से कम होना है.

**ग. आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर (अत्यल्प) एएसडी (एम):** आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर (अत्यल्प) से एक ऐसी न्यूरों-विकास संबंधित स्थिति अभिप्रेत है जो विशिष्टतः जीवन के पहले तीन वर्षों में उत्पन्न होती है जो व्यक्ति को संपर्क करने की, संबंधों को समझने की और दूसरों से संबंधित होने की क्षमता प्रदान करती है और आम तौर पर यह असामान्य या एक जैसे कार्य या व्यवहार से सहबद्ध होता है.

**ग. ''बहु दिव्यांगता''** से एलडी, वीआई, एचआई, एसएलडी, एमआई और एएसडी (एम) मे बहु दिव्यांगता अभिप्रेत है.

नोटः **निर्धारित अशक्तता** वाले व्यक्तियों को ही आरक्षण का पात्र माना जाएगा. **'निर्धारित अशक्तता** वाले व्यक्ति' से आशय उस व्यक्ति से है जो **विनिर्दिष्ट अशक्तता** का कम से कम **40 प्रतिशत अशक्त** हो, उन मामलों में जहाँ विनिर्दिष्ट अशक्तता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है. प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार इसके अंतर्गत वह अशक्त व्यक्ति भी आता है जिसकी अशक्तता को मापन श्रेणी में रखा गया है.

आरक्षण का लाभ चाहने वाले व्यक्ति को भारत सरकार के अंतर्गत निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अशक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. बैंक के सक्षम अधिकारी के निर्णयनुसार इस प्रमाणपत्र का सत्यापन/पुनर्सत्यापन किया जा सकेगा. प्रमाणपत्र आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पहले का होना चाहिए.

**लेखक का उपयोग और प्रतिपूरक समयः**

यदि उम्मीदवार चाहते हैं, तो लेखक की सुविधा ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए अनुमत की जाएगी जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक अशक्त है. अशक्तता वाले केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जिनकी लिखने में कमजोर होने के साथ-साथ लिखने की गति भी प्रभावित है. लेखक का उपयोग करने के सभी मामलों में निम्नलिखित नियम लागू होंगे.

- जो उम्मीदवार पात्र हैं और परीक्षा में लेखक की सेवा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन फार्म में इस बात का सावधानीपूर्वक उल्लेख करना होगा.
- उम्मीदवार और लेखक दोनों को ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में एक उचित वचनपत्र देना होगा.
- ऐसे उम्मीदवार जो एक लेखक के उपयोग के लिए पात्र हैं, परीक्षा के प्रति घंटे 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे, चाहे वे लेखक की सुविधा का लाभ उठा रहे हों, या नहीं
- उम्मीदवार को अपने निजी खर्चे पर अपने निजी लेखक का प्रबंध करना होगा.
- ऐसा उम्मीदवार, जो ऊपर बताये गये दिशानिर्देशों के अनुसार लिखनेवाले का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं है, ऑनलाइन परीक्षा में लिखनेवाले का उपयोग करता है, को भर्ती प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए अयोग्य कर दिया जायेगा.
- लिखनेवाले का उपयोग करने वाले उम्मीदवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह दिशानिर्देशों के अनुसार लिखनेवाले का उपयोग करने के लिए पात्र है.
- यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वयं (स्वतंत्र रूप से) प्रश्नपत्र हल कर रहा है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.
- उपरोक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वाले कोई भी उम्मीदवार अगर लेखक का उपयोग कर रहा है, तो उस उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जायेगा और यदि पहले से बैंक की सेवा में शामिल हो गया है, तो उसे बिना सूचना के सेवा से हटाया जा सकता है.
- लिखनेवाले का उपयोग भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अशक्तता कार्य विभाग, नई दिल्ली के 26 फरवरी 2013 के कार्यालय ज्ञापन एफ.सं. 16-110/2003-DDIII द्वारा जारी दिशानिर्देशों और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के 26.04.2013 के पत्र सं. एफ.सं.3/2/2013-कल्याण के द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुरूप करने की अनुमति दी जायेगी.

**3. श्रेणी:**

ऑनलाइन आवेदन करते समय श्रेणी का नाम एवं श्रेणी कोड लिखने संबंधी निर्देश :

**कृपया ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण करने के बाद श्रेणी में बदलाव नहीं किया जायेगा.**

उम्मीदवार जो अन्य पिछड़े वर्ग के हों लेकिन 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आते हों उन्हें आरक्षण तथा आयु-सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा. ऐसे उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' अथवा 'सामान्य (अस्थि विकलांग)' अथवा 'सामान्य (दृष्टि विकलांग)' अथवा 'सामान्य (श्रवण बाधित)' अथवा 'सामान्य (डी और ई)' (जो भी लागू हो) के रूप में दर्शाएं.

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण पर उठाया जा सकता है.

| श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड | श्रेणी | कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ.जा. | 01 | अ.ज.जा. | 06 | अ.पि.व. | 11 | सामान्य | 16 | ईडब्ल्यूएस | 21 |
| अ.जा. (एलडी) | 02 | अ.ज.जा.(एलडी) | 07 | अ.पि.व. (एलडी) | 12 | सामान्य (एलडी) | 17 | ईडब्ल्यूएस (एलडी) | 22 |
| अ.जा. (वीआई) | 03 | अ.ज.जा.(वीआई) | 08 | अ.पि.व. (वीआई) | 13 | सामान्य (वीआई) | 18 | ईडब्ल्यूएस (वीआई) | 23 |
| अ.जा. (एचआई) | 04 | अ.ज.जा.(एचआई) | 09 | अ.पि.व. (एचआई) | 14 | सामान्य (एचआई) | 19 | ईडब्ल्यूएस (एचआई) | 24 |
| अ.जा.(डी और ई) | 05 | अ.ज.जा.(डी और ई) | 10 | अ.पि.व. (डी और ई) | 15 | सामान्य (डी और ई) | 20 | ईडब्ल्यूएस (डी और ई) | 25 |

**4. चयन प्रक्रियाः**

**चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन लिखित परीक्षा, स्क्रीनिंग और साक्षात्कार शामिल हैं.**

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा:**

ऑनलाइन लिखित परीक्षा में 120 अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षा और 50 अंकों के लिए वर्णानात्मक परीक्षा शामिल होगी. वर्णानात्मक परीक्षा वस्तुनिष्ठ परीक्षा पूरी होने के तत्काल बाद आयोजित की जायेगी और उम्मीदवारों को वर्णानात्मक परीक्षा के उत्तर कंप्यूटर में टाइप करने होंगे.

(i) **वस्तुनिष्ठ परीक्षाः** वस्तुनिष्ठ परीक्षा की अवधि 2 घंटों की होगी और उसमें 120 अंकों के 4 खण्ड होंगे. वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक खण्ड के लिए अलग-अलग समय होगा.

| क्र. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| I | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | 30 मिनट |
| II | बैंकिंग ज्ञान | 40 | 40 | 40 मिनट |
| III | सामान्य जागरूकता/अर्थव्यवस्था | 30 | 30 | 30 मिनट |
| IV | कंप्यूटर अभिरुचि | 20 | 20 | 20 मिनट |
| | **कुल** | **120** | **120** | **2 घंटा** |

(ii) **वर्णनात्मक परीक्षा:** वर्णानात्मक परीक्षा की अवधि 30 मिनट की होगी. यह कुल 50 अंक की दो प्रश्नों वाली अंग्रेजी भाषा (पत्र लेखन और निबंध) की परीक्षा होगी.

ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर राज्यवार और श्रेणीवार मेरिट सूची तैयार की जाएगी. कोई अनुभागीय अर्हता अंक नहीं होंगे. राज्यवार और श्रेणीवार रिक्तियों के 3 गुना (लगभग) तक की संख्या वाले उम्मीदवारों को राज्यवार और श्रेणीवार तैयार की गई मेरिट सूची के शीर्ष से स्क्रीनिंग के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, जो कि उम्मीदवार के बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम कुल अर्हक अंक प्राप्त करने के अधीन होगा.

**गलत उत्तरों के लिए दंड:**

वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड नहीं होगा.

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए अनुभागीय अंक नहीं रखे जाएंगे.**

**स्क्रीनिंग:** ऑनलाइन परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के ऑनलाइन आवेदन और दस्तावेजों को स्क्रीनिंग समिति के समक्ष रखा जाएगा.

बैंक द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति इस बात की जांच करेगी कि क्या उम्मीदवार अनुभव की आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. समिति भारतीय स्टेट बैंक के स्केल-I सामान्य संवर्ग अधिकारी के जॉब प्रोफाइल के साथ उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत जॉब प्रोफाइल (उनके मौजूदा/पिछले नियोक्ता द्वारा प्रमाणित, जिनके साथ वे कार्यरत हैं) का मिलान करेगी. यदि उनका जॉब प्रोफाइल पर्याप्त रूप से मेल नहीं खाता है या भारतीय स्टेट बैंक के स्केल-I सामान्य अधिकारी के जॉब प्रोफाइल से अलग है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकर होगा. इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. स्क्रीनिंग समिति द्वारा तय किए गए आवश्यक अनुभव को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

**साक्षात्कार:**

साक्षात्कार 50 अंकों का होगा. अंतिम चयन पर विचार करने के लिए उम्मीदवारों को साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे. न्यूनतम योग्यता अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

'ओबीसी' श्रेणी के तहत साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को 'गैर-क्रीमी लेयर' खंड युक्त ओबीसी प्रमाणपत्र जमा करना होगा. जिन उम्मीदवारों ने खुद को ओबीसी के रूप में पंजीकृत किया है, लेकिन ओबीसी 'गैर-क्रीमी लेयर' प्रमाण पत्र जमा नहीं करते हैं और सामान्य श्रेणी के तहत साक्षात्कार के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत साक्षात्कार के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 के सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. जिन उम्मीदवारों ने खुद को ईडब्ल्यूएस के रूप में पंजीकृत किया है, लेकिन डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 के सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करते हैं और सामान्य श्रेणी के तहत साक्षात्कार के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

**अंतिम चयन**

उम्मीदवारों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अलग-अलग अर्हता प्राप्त करनी होगी. वस्तुनिष्ठ परीक्षा और वर्णनात्मक परीक्षा दोनों में ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए साक्षात्कार में प्राप्त अंकों में जोड़ा जाएगा. ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में क्रमशः 75:25 भार के साथ प्राप्त अंकों के सामान्यीकरण (नार्मलाईजेशन) के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी.

ऑनलाइन लिखित परीक्षा (170 अंकों में से) में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को 75 अंकों में से बदल दिया जाता है और उम्मीदवारों के साक्षात्कार के अंकों (50 अंकों में से) को 25 अंकों में से बदल दिया जाता है. ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के परिवर्तित अंकों (100 में से) को मिलाकर अंतिम मेरिट सूची (राज्यवार और श्रेणीवार) तैयार की जाती है. राज्यवार और श्रेणीवार तैयार मेरिट सूची में शीर्ष स्थान वाले उम्मीदवारों में से चयन किया जाएगा.

**परिणाम प्रकाशन**

साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों के परिणाम, अंतिम परिणाम आदि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे.

**5. परीक्षा केंद्र**

i. भारत में कई केंद्रों पर परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र की संभावित सूची अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न है.

ii. परीक्षा केंद्र/दिनांक/सत्र में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किय जाएगा.

iii. हालांकि, प्रतिसाद और प्रशासनिक व्यवहार्यता, आदि के आधार पर, स्वयं फैसला करके, किसी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या कुछ और केंद्र शामिल करने के अधिकार को एसबीआई अपने पास सुरक्षित रखता है.

iv. किसी उम्मीदवार के लिए उसके द्वारा चुने गए केंद्र के बदले किसी अन्य केंद्र को निर्धारित करने का अधिकार भी एसबीआई के पास सुरक्षित है.

v. परीक्षा देने के लिए उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर स्वयं की जोखिम और खर्च से आएंगे और उस दौरान किसी भी प्रकार के नुकसान या चोट आदि के लिए एसबीआई जिम्मेदार नहीं होगा.

vi. परीक्षा कक्ष में उम्मीदवार द्वारा किए गए बुरे व्यवहार/दुर्व्यवहार के कारण उसकी उम्मीदवारिता रद्द हो सकती है या एसबीआई द्वारा आयोजित भावी परीक्षाओं के लिए उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है.

**6. परिलब्धियां:**

वर्तमान में, कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल-I के लिए लागू 36000-1490/7-46430-1740/2-49910-1990/7-63840 के वेतनमान के अनुसार प्रारंभिक मूल वेतन रु. 36000/- है एंव 01.12.2021 तिथि को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अधिकारी संवर्ग में प्रदान की गई सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक वेतन वृद्धि देय होगा. हालांकि, पिछले रोजगार में प्राप्त अनुभव की अवधि के बावजूद, अधिकतम अग्रिम वेतन वृद्धि 2 (दो) पर सीमित कर दी गई है. अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, एचआरए/पट्टा किराये, नगर प्रतिकर भत्ते, चिकित्सा और अन्य भत्ते और अनुलाभ के लिए भी पात्र होंगे.

**7. कार्यग्रहण, प्रशिक्षण और कॅरियर पथ:**

कार्यभार ग्रहण करने पर, चयनित उम्मीदवारों को सर्किल स्थित अधिकारी (सीबीओ) के रूप में नामित किया जाएगा और वे बैंक में शामिल होने से 6 महीने की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे.

स्थायीकरण के लिए उपयुक्तता का आकलन करने के लिए सीबीओ को परिवीक्षा अवधि के दौरान निरंतर मूल्यांकन के अधीन रखा जाएगा. बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानकों के अनुसार जो उम्मीदवार अपने मूल्यांकन में अर्हता प्राप्त करते हैं, उन्हें कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल-I (JMGS-I) में बैंक की सेवा में स्थायी किया जाएगा. यदि कोई भी उम्मीदवार निर्धारित न्यूनतम मानकों को प्राप्त करने में विफल रहता है, तो उसकी/ उसकी सेवाएं महत्वपूर्ण समय पर बैंक की नीति के अनुसार समाप्त की जा सकती हैं.

चयनित अधिकारी सामान्य संवर्ग में होंगे और बैंक के सामान्य संवर्ग के अधिकारियों के लिए लागू पदोन्नति नीति द्वारा नियंत्रित होंगे. चयनित उम्मीदवार अंतर मंडल स्थानांतरण/कॉर्पोरेट सेंटर पोस्टिंग/कॉर्पोरेट सेंटर प्रतिष्ठान पोस्टिंग/विदेशी पोस्टिंग के लिए एसएमजीएस-IV ग्रेड में अपनी पदोन्नति या 12 वर्ष की सेवा, जो भी बाद में हो, तक पात्र नहीं होंगे.

**8. आवेदन शुल्कः (वापस न करने योग्य):**

| क्र. | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी | शून्य |
| 2. | सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अपिव | ₹750/- |

एक बार भुगतान किया गया शुल्क/सूचना प्रभार न तो वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

**9. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवार 09.12.2021 से 29.12.2021 तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. किसी भी अन्य तरीके से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा.

**ऑनलाइन आवेदन के लिए पूर्वापेक्षा:** उम्मीदवार के पास वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल होना चाहिए, जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखना होगा. यह अनिवार्य रूप से ईमेल/एसएमएस द्वारा बैंक से किसी भी संचार/कॉल पत्र/सलाह प्राप्त करने के लिए आवश्यक होगा.

**10. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश:**

उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** के माध्यम से अपना पंजीकरण स्वयं ऑनलाइन करना होगा. पंजीकरण के बाद उम्मीदवार को आवश्यक आवेदन शुल्क ऑनलाइन तरीके से डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग से भरना होगा.

सहायता डेस्कः फार्म को भरने, फीस/सूचना प्रभार के भुगतान या प्रवेश कॉल लेटर की प्राप्ति के बारे में यदि कोई समस्या हो तो, फोन नं 022-22820427 पर (कामकाज के दिनों में सुबह 11.00 से शाम 5.00 के बीच) या **http://cgrs.ibps.in** पर अपना प्रश्न पूछा जा सकता है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपने ईमेल का विषय 'RECRUITMENT OF CIRCLE BASED OFFICERS IN STATE BANK OF INDIA-2021' लिखना न भूलें.

**अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची**

अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची नीचे दी गई हैं:

| | |
|---|---|
| i. हाल की तस्वीर (जेपीजी/जेपीईजी) | vi. संक्षिप्त जीवनवृत्तः शैक्षिक/ व्यावसायिक योग्यता, अनुभव और निपटाये गए नियत-कार्यों का ब्यौरा देते हुए (पीडीएफ) |
| ii. हस्ताक्षर (जेपीजी/जेपीईजी) | vii. शैक्षणिक योग्यताः संगत अंक तालिका/ डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ) |
| iii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ) | viii. अनुभव प्रमाण पत्र/ नियुक्ति पत्र/ नौकरी प्रस्ताव पत्र (पीडीएफ) |
| iv. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ) | ix. फॉर्म-16/वेतन पर्ची (पीडीएफ) |
| v. जॉब प्रोफाइल (मौजूदा/पिछले नियोक्ताओं द्वारा प्रमाणित) (पीडीएफ) | |

**ब. दस्तावेज, फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा-निर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने के पहले उम्मीदवार को निम्न निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने दस्तावेज, फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) इमेज अनुलग्नक-I के अनुसार बनानी होगी. विशेष विवरण के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड किए बगैर ऑनलाइन आवेदन का पंजीयन नहीं होगा.

**टिप्पणीः**

i. **यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार हो सकता है.**

ii. **यदि आवश्यक दस्तावेज अपलोड नहीं किए गए हैं या अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट और पठनीय नहीं हैं, तो आवेदक की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया जा सकता है.**

iii. यदि फोटोग्राफ, हस्ताक्षर या दस्तावेज स्पष्ट नहीं हैं, तो उम्मीदवार फॉर्म जमा करने से पहले अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और अपने फोटोग्राफ, हस्ताक्षर या दस्तावेजों को फिर से अपलोड कर सकता है.

iv. **उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड किया गया हो, हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया हो. यदि फोटो के स्थान पर फोटो और/अथवा हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

**क. पंजीयन शुल्क (फीस) का भुगतान (केवल ऑनलाइन द्वारा):**

i. अनुलग्नक-I में दिये गये दिशानिर्देशों के अनुसार पहले फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और दस्तावेज को स्कैन करें.

ii. उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers देखें और 'Current Openings' पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन-प्रारूप को खोलें.

iii. आवेदन-पत्र सावधानी से भरें. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. प्रथम कोशिश में यदि उम्मीदवार डाटा पूर्णतः नही भर सकते हैं. तो पहले से प्रविष्ट डाटा को सेव कर सकते हैं. जब डाटा सेव हो जाता है तब अनन्तिम पंजीयन संख्या और पासवर्ड प्रणाली द्वारा तैयार होगा और वह स्क्रीन पर दिखाई देगा. उम्मीदवार पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लें. पंजीकरण संख्या ओर पासवर्ड की मदद से वे सेव किया हुआ डाटा फिर से खोलें और यदि जरूरी हो, तो विवरण को एडिट करें. आवेदन-पत्र पूर्णतः भरने के बाद उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें. इसके बाद कोई बदलाव/संशोधन की अनुमति नहीं हैं. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

iv. आवेदन-पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन-पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेट वे के माध्यम से भुगतान करना होगा.

v. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग से स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑन लाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो, तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

vi. सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई-रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रेकार्ड हेतु ले लें.

vii. यदि ऑन लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपना आवेदन विवरण पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

viii. ई-रसीद एवं फीस विवरण सहित आवेदन पत्र फिर से प्रिन्ट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

ix. **कृपया आवेदन का प्रिंटआउट बैंक को न भेजें.**

**11. कॉल लेटर्स डाउनलोड:**

उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर (ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार) और "acquaint yourself booklet", पुस्तिका डाउनलोड करें.

**कॉल लेटर की कोई भी हार्ड कॉपी डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.**

**12. ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों का प्रमाण:**

ऑनलाइन लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को एक फोटो पहचान प्रमाण जैसे पासपोर्ट/ आधार/ पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ मतदाता पहचान पत्र/ विधिवत सत्यापित फोटो वाली बैंक पासबुक/ स्कूल या कॉलेज/ राजपत्रित अधिकारी द्वारा आधिकारिक लेटरहेड में जारी **पहचान-पत्र की मूल प्रति और साथ ही उसकी एक स्व-सत्यापित फोटोकॉपी** लानी होगी. पहचान पत्र की फोटोकॉपी कॉल लेटर के साथ जमा की जानी चाहिए, ऐसा नहीं करने पर (या उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर) उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी. इसके अलावा, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को **सत्यापन के लिए साक्षात्कार के लिए मूल के साथ अपने सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रति और कॉल लेटर** साथ लाने की आवश्यकता होगी, ऐसा नहीं करने पर, (या यदि उम्मीदवार की पहचान संदेह में है) उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**13. बायोमेट्रिक सत्यापन:**

ऑनलाइन परीक्षा/ साक्षात्कार/ कार्यग्रहण के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए बैंक विभिन्न चरणों में फोटो और अंगूठे के निशान/ आइरिश को डिजिटल प्रारूप में कैप्चर कर सकता है. उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अंगूठे का सही निशान/ आइरिश विभिन्न चरणों में कैप्चर किया गया है क्योंकि किसी भी विसंगति के कारण उनकी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा. तदनुसार, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हाथों पर कोई बाहरी पदार्थ जैसे मेहंदी, स्याही, रसायन आदि न लगाएं. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कॉल लेटर में दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें.

यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा, उसका/उसकी उम्मीदवारी को रद्द कर दी जाएगी.

**14. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई**

क. उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जो असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

ख. यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है : (i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

- जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

ग. बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

घ. उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

i. जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ-साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

ii. उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे पेजर/कैलकुलेटर जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता. प्रवेश द्वार पर आरोग्य सेतु के प्रदर्शन के बाद, उम्मीदवार को अपना मोबाइल फोन बंद करना होगा और इसे निर्धारित स्थान पर जमा करना होगा, जिसे बाहर निकलते समय एकत्र किया जाएगा.

iii. उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**15. सामान्य सूचना:**

i. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने पर प्रणाली द्वारा निर्मित अपने ऑन लाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट ले.

ii. उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए. बैंक ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर आवश्यक शुल्क के साथ पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों के आवेदन की प्रोसेसिंग करेगा और स्क्रीनिंग/ साक्षात्कार के समय और/ या किसी भी स्तर पर उनकी पात्रता का निर्धारण करेगा.

iii. एक बार आवेदन के अंतिम रूप से प्रस्तुत करने के बाद उसमें किसी भी विवरण (श्रेणी सहित) में परिवर्तन/ सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा. इस संबंध में कोई पत्राचार/ फोन/ ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को ध्यान से भरें और आवेदन में सही जानकारी दें.

iv. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से काफी पहले ऑन लाइन आवेदन करें और फीस का भुगतान करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/ असहायता/ वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि न हो.

v. ऊपरनिर्दिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के पहले आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थता होने वाले उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.

vi. उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जो अन्य आवेदनपत्रों के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. उम्मीदवार की परीक्षा में/या समूह कार्य और साक्षात्कार के लिए अनेक बार उपस्थिति/प्रकटन मान्य नही होगा और उसकी उम्मीदवारिता रद्द की जाएगी.

vii. यह सलाह दी जाती है कि उम्मीदवार उसी फोटोग्राफ की 8 प्रतियां (लगभग) अपने पास रखें जो आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड की गई थी क्योंकि इस चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए इनकी आवश्यकता होगी.

viii. परीक्षा के आयोजन के समय कुछ प्रशासनिक समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

ix. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीयकृत बैंकों/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/आरआरबी सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत हैं, उनको सलाह दी जाती है कि वे अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' लेकर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें जिसके बिना उनकी उम्मीदवारिता रद्द की जा सकती है और यात्रा किराया, यदि कोई हो, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

x. चयन होने पर, नियुक्ति स्वीकारने के समय, उम्मीदवार को अपने पूर्व नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

xi. पात्रता मानदंड और जन्म तिथि के प्रमाण के बारे में मूल दस्तावेज साक्षात्कार की तारीख को सत्यापन के लिए प्रस्तुत किए जाने चाहिए. यदि साक्षात्कार की तारीख को सत्यापन के लिए मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो उम्मीदवार को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

xii. अ.जा/अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

xiii. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती हैं कि वे अपना ई-मेल आईडी निर्देश आदि पाने के लिए एक्टिव और मोबाइल को सक्रिय रखें.

xiv. अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में घोषणापत्र देना होगा कि वह क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था. 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दि. **01.04.2021** से **साक्षात्कार की तिथि** तक जारी किया हुआ प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

xv. **मौजूदा डीओपीटी दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 के सकल वार्षिक आय के आधार पर** भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र' के प्रस्तुतीकरण पर ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाया जा सकता है.

xvi. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक द्वारा नियुक्त/अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन होगी.

xvii. इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके प्रत्युत्तर में आने वाले आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद होने की स्थिति में हर कानूनी कार्यवाही के लिए किसी भी दावे/विवाद पर वाद सिर्फ मुंबई में ही शुरू किया जाएगा तथा मुंबई में ही स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचो को ही ऐसे वाद/विवाद निपटाने का एकमात्र तथा विशेष क्षेत्राधिकार रहेगा.

xviii. साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को उनके निवास स्थान/कार्यस्थल से साक्षात्कार की जगह तक भारत में सबसे छोटे मार्ग से रेलवे के एसी-III किराये या खर्च किये गये वास्तविक व्यय (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जायेगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी. अभ्यर्थी के पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.

xix. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

xx. साक्षात्कार के समय, अभ्यर्थी को उसके विरुध्द लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने को अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

**16. घोषणाः**

इस प्रक्रिया से जुड़ी सभी भावी घोषणाएँ/सूचनाएँ समय-समय पर केवल एसबीआई की अधिकृत वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** पर ही प्रकाशित/उपलब्ध कराई जाएगी. इस संबंध में कोई अलग से विज्ञापन/शुद्धिपत्र जारी नहीं किया जाएगा. सभी परिवर्तन/अद्यतन/शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** पर होस्ट किए जाएंगे.

**17. अस्वीकरण:**

भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर इस बात का पता चलने पर कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कर रहा है और या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी महत्त्वपूर्ण बात को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारिता को रद्द कर दिया जाएगा. यदि इनमें से कोई बात नियुक्ति के बाद उजागर हो, तब भी उस उम्मीदवार की नौकरी रद्द की जा सकती है. पात्रता, लिखित परीक्षा, अन्य परीक्षाओं का आयोजन और चयन आदि मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और वह सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी रहेगा. इस बारे में किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

**मुंबई**

**दिनांक: 09.12.2021** **महाप्रबंधक**

**प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा.**
**विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

---

**अनुलग्नक I**

## दस्तावेज/हस्ताक्षर/फोटोग्राफ स्कैनिंग और उनको अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के पास निम्नलिखित विनिर्देशों के अनुसार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैन की हुई (डिजिटल) इमेज होना आवश्यक होगा.

**क. हस्ताक्षरः**

i. उम्मीदवार सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार का हो, और किसी अन्य व्यक्ति का हस्ताक्षर न हो.
iii. हस्ताक्षर का उपयोग कॉल लेटर पर या अन्यत्र जहाँ जरूरी हो, किया जाएगा.
iv. परीक्षा के समय यदि उत्तर पुस्तिका (स्क्रिप्ट) पर किए हुए उम्मीदवार के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से नहीं मिलते, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
v. फाइल की साइज 10 केबी-20 केबी हो और आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयतः)
vi. सुनिश्चित करें कि स्कैन किए हुए हस्ताक्षर का आकार 20 केबी से अधिक न हो.
vii. **कैपिटल अक्षरों में किया गया हस्ताक्षर स्वीकृत नहीं होगा.**

**ख. फोटोग्राफः**

i. फोटोग्राफ अद्यतन, पासपोर्ट साइज और रंगीन होना चाहिए
ii. फाइल का साइज 20 केबी-50 केबी के दरम्यान हो और आयाम 200 x 230 पिक्सैल (वरीयतः)
iii. पिक्चर रंगीन होनी चाहिए और वह सफेद या फीकी रंगीन पार्श्वभूमि पर होनी चाहिए.
iv. स्वस्थ चित्त होकर कैमरे की ओर सीधे देखें.
v. यदि फोटो सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हो, जिससे आपका फोटो साफ आए. अगर आपको फ्लैश का उपयोग करना पड़े तो 'रेड आई' न हो.
vi. अगर आप चश्मे का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखे साफ नजर आने के लिए चश्मे पर प्रतिबिंब न हो.
vii. टोपियाँ, हैट और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
viii. सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई फोटो की साइज 50 केबी से अधिक न हो. उसके बाद स्कैनर का सेटिंग समायोजित इस तरह करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग ठीक हो.
ix. **यह सलाह दी जाती है कि उम्मीदवार उसी फोटोग्राफ की 8 प्रतियां (लगभग) अपने पास रखें जो आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड की गई थी क्योंकि इस चयन प्रक्रिया के आगे के चरणों के लिए इनकी आवश्यकता होगी.**

**ग. प्रलेखः**

i. सभी प्रलेख पीडीएफ प्रारूप में होने चाहिए.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिजोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें.
v. **यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.**
vi. **यदि आवश्यक दस्तावेज अपलोड नहीं किए गए हैं या अपलोड किए गए दस्तावेज स्पष्ट और पठनीय नहीं हैं, तो आवेदक की उम्मीदवारी को खारिज किया जा सकता है.**

**घ. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
ii. असली कलर सेटिंग करें.
iii. फोटोग्राफ/हस्ताक्षर इमेज स्कैनर पर रखें, तत्पश्चात अपलोड एडिटर की मदद से इमेज को अंतिम साइज में लाएं (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है). फोटोग्राफ/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फारमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम 'image01.jpg' अथवा 'image01.jpeg'.
iv. इमेज के आयाम की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.
v. एमएस विन्डोज/एमएस ऑफिस इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में जो क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो, एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर की मदद से आसानी से कर सकते हैं. किसी भी फारमैट में उपलब्ध स्कैन्ड फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में 'सेव एज' विकल्प चुनकर फाइल मेनु में सेव किया जा सकता है और फोटो का साइज 50 केबी से कम और हस्ताक्षर का साइज 20 केबी से कम साइज में लाया जा सकता है. इसके लिए क्रॉप का और रिसाइज विकल्प 'इमेज मेन्यू' में करें (पिक्सैल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त बिंदु 1.और 2. देखें). इसी तरह का विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध है.
vi. ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवार को उसका फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए लिंक का उपलब्ध कराया जाएगा.

**ङ. प्रलेखों को अपलोड करने की कार्य प्रणाली:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए गए हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेईपीजी, पीडीएफ फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.

**ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है.

**फोटो से चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

**उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड किया गया हो, हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किया गया हो. यदि फोटो के स्थान पर फोटो और/अथवा हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

**यदि परीक्षा के समय उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक का फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किए गए फोटो और हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता है, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.**

## परीक्षा केंद्र (अनन्तिम सूची)

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | ऑनलाइन लिखित परीक्षा केंद्र | राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | ऑनलाइन लिखित परीक्षा केंद्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | अण्डमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | 28 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद, नागपुर, पुणे, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई |
| 12 | आंध्र प्रदेश | गुंटुर, कुर्नुल, विजयवाडा, विशाखापट्नम | 29 | मणिपुर | इम्फाल |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | नाहरलगुन | 30 | मेघालय | शिलांग |
| 14 | असम | गुवाहाटी | 31 | मिज़ोरम | आइजवाल |
| 15 | बिहार | आरा, पटना, मुज़फ्फरपुर | 32 | नागालैंड | कोहिमा |
| 16 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़/मोहाली | 33 | दिल्ली – एनसीआर | दिल्ली और नई दिल्ली |
| 17 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | 34 | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 18 | गोवा | पणजी | 35 | पुडुचेरी | पुडुचेरी |
| 19 | गुजरात | अहमदाबाद/गांधीनगर | 36 | पंजाब | भटिण्डा, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पटियाला |
| 20 | हरियाणा | अंबाला, हिसार, फरीदाबाद, गुरुग्राम | 37 | राजस्थान | जयपुर |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | शिमला, सोलन | 38 | सिक्किम | बर्दांग – गंगटोक |
| 22 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू, श्रीनगर | 39 | तमिलनाडु | चेन्नई, मदुराई, तिरुनेलवेल्ली |
| 23 | झारखंड | जमशेदपुर, रांची | 40 | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 24 | कर्नाटक | बेंगलुरू | 41 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 25 | केरल | कोचि, तिरुवनंतपुरम | 42 | उत्तर प्रदेश | आगरा, प्रयागराज (इलाहाबाद), गाजियाबाद, नोएडा/ ग्रेटर नोएडा, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी |
| 26 | लदाख | लेह | 43 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 27 | मध्य प्रदेश | भोपाल, इंदौर | 44 | पश्चिम बंगाल | हुगली, कल्याणी, कोलकाता |